स्नातक व शिक्षक क्षेत्र निर्वाचन

दो लाख 97 हजार स्नातक मतदाता चुनेंगे प्रतिनिधि

पटना | **हिन्दुस्तान टीम**

बिहार में 2 लाख 97 हजार 294 मतदाता कोसी, तिरहुत, दरभंगा एवं पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपने प्रतिनिधियों का चयन करेंगे। इनमें दो लाख 24 हजार 02 पुरुष, 73 हजार 257 महिला एवं 35 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं।

वहीं, तिरहुत, दरभंगा, पटना एवं सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 32 हजार 873 मतदाता अपने प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। इनमें 25 हजार 592 पुरुष, 7277 महिला एवं चार थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं।

01 नवंबर 2019 की अर्हता तिथि के आधार पर बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक, कोसी स्नातक एवं सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक सूची के प्रारूप का प्रकाशन शनिवार को किया गया। निर्वाचक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार की वेबसाइट के लिंक **http:// ceo. bihar. gov. in/ gctcpdfview/** पर जाकर मतदाता अपने नाम की जांच कर सकते है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रारूप प्रकाशन के आलोक में मतदाता अपनी दावा/आपत्ति 23 नवंबर से 09 दिसंबर तक प्रस्तुत कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच आर श्रीनिवास ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन में जिन योग्य आवेदकों का नाम नहीं जुड़ पाया है वे 23 नवंबर से 09 दिसंबर 2019 के बीच मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने हेतु अपना दावा अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित जिले या प्रखंड की निर्वाचन शाखा में जाकर कर सकते है।

तैयारी

- स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची प्रकाशित
- मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर को किया जायेगा

दावा-आपत्ति यहां करें

दावा-आपत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन भी **http:// ceo. bihar. gov. in/ tcgconline/** पर किया जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में संबंधित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 30 दिसंबर को किया जायेगा।

वोटर बनने को नौ तक आवेदन

मतदाता सूची का प्रकाशन के बाद भी 23 नवंबर से नौ दिसंबर के बीच ऑनलाइन या ऑफ लाइन मतदाता बन सकते हैं। पिछली बार की तुलना में इस बार पटना, नालंदा और नवादा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता कम हैं। लेकिन अधिकारियों का कहना है कि आवेदन करने के लिए निर्धारित समय में काफी संख्या में लोग मतदाता बनते हैं, इसीलिए संख्या बढ़ सकती है। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए पटना जिले में 38 हजार 37 मतदाता हैं। नालंदा जिले में 22 हजार 326 तथा नवादा जिले में 15 हजार 76 मतदाता बनाए गए हैं। इसी प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए पटना जिले में 4420, नालंदा में 2042 तथा नवादा में 1548 मतदाता हैं।